भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-6377

जिसका उत्तर 05 अप्रैल, 2018 को दिया जाना है ।

झारखण्ड में गांवों का विद्युतीकरण

6377. श्री जनक रामः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विभिन्न राज्यों में ऐसे गांवों की राज्य-वार संख्या और राज्य-वार ब्यौरा क्या है जिनका अब तक विद्युतीकरण नहीं किया गया है;

(ख) झारखंड राज्य के पलामू एवं गढ़वा जिले में उन गांवों की कुल संख्या कितनी है जिनका अब तक विद्युतीकरण नहीं किया गया है; और

(ग) उक्त गांवों के विद्युतीकरण का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (ग) : राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 01.04.2015 की तिथि के अनुसार देश में 18,452 गैर-विद्युत जनगणना गाँव थे। 01.04.2018 की तिथि के अनुसार शेष केवल 323 जनगणना गाँव गैर-विद्युतीकृत रहे। शेष गैर-विद्युतीकृत जनगणना गाँवों को 01 मई, 2018 तक विद्युतीकृत करने का लक्ष्य है। राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

झारखण्ड सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 01 अप्रैल, 2015 को 2,525 गैर-विद्युतीकृत जनगणना गाँव थे और इनमें 58 गैर आबादी वाले गाँवों को छोड़कर अब सभी विद्युतीकृत कर दिए गए हैं।

****

<u>अनुबंध</u>

लोक सभा में दिनांक 05.04.2018 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 6377 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

गैर-विद्युतीकृत गांवों की राज्य-वार स्थिति

क्रम सं.	**राज्य**	**01.04.2018 की स्थिति के अनुसार गैर-विद्युतीकृत गांव (01.04.2015 को सूचित किए गए अनुसार 18,452 में से)**
1	अरुणाचल प्रदेश	205
2	छत्तीसगढ़	33
3	जम्मू व कश्मीर	66
4	मध्य प्रदेश	3
5	ओडिशा	3
6	उत्तराखंड	13
कुल		**323**

****